80 उत्कृष्ट स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का आइआइएम में प्रशिक्षण शुरू

प्रधानाध्यापकों को बेहतर कार्य करने को किया जाएगा प्रोत्साहित

राज्य ब्यूरो, रांची : राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों (स्कूल आफ एक्सीलेंस) के प्रधानाध्यापकों का आइआइएम, रांची में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को शुरू हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 दिसंबर तक चलेगा। इस अवसर पर आइआइएम, रांची के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के नेतृत्व विकास एवं क्षमता संवर्द्धन के उद्देश्य से इनका प्रशिक्षण आइआइएम, रांची में कराने का निर्णय लिया। आइआइएम, रांची द्वारा लगातार तीन वर्षो तक 80 उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि सभी प्रधानाध्यापक अपने-अपने विद्यालयों को बेहतर ढंग से संचालित कर सकें।

तीन वर्षों तक चरणबद्ध ढंग से 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का भी आइआइएम रांची में प्रशिक्षण

शिक्षा सचिव ने कहा कि सभी प्रधानाध्यापकों को बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। कहा, हमारे शिक्षकों में व्यक्तिगत रूप से ज्ञान की कमी नहीं है लेकिन हम अपने विद्यालयों में टीम भावना के साथ काम नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण बच्चों की शिक्षा पर असर देखने को मिल रहा है। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को बेहतर कार्य करने तथा इस तरह के प्रशिक्षण से लाभ लेते हुए अपनी कार्यकुशलता तथा कुशल प्रबंधक के रूप में अपने आपको स्थापित करने पर बल दिया। इस अवसर पर आइआइएम, रांची के निदेशक प्रो. दीपक श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान के लिए यह स्थानीय रूप से एक बड़ा कार्यक्रम है जिसमें हम राज्य सरकार को शिक्षा के क्षेत्र में प्रबंधकीय क्षमता संवर्द्धन करने में सहयोग कर रहे है। संस्थान पूरी क्षमता के साथ विभाग को पूर्ण सहयोग करने हेतु तत्पर है ताकि राज्य के शिक्षा व्यवस्था को हम बेहतर करने में सफल हो सके। इस अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, आइआइएम, रांची के अंकुर झा, साक्षी, आदित्य आदि थे।

Dainik Jagran, 28.01.2023, Pg. 05